
संस्करण
जून 2026

राजस्थान सामान्य ज्ञान पर आधारित

सत्यमेव जयते

# राजस्थान सुजस प्रश्नोतरी

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी



**170+**
**वस्तुनिष्ठ**
**प्रश्न एवं उत्तर**

- राजस्थान का इतिहास, भूगोल, कला व संस्कृति
- राजस्थान की योजनाएं, नीतियां एवं उपलब्धियां
- महत्वपूर्ण व्यक्तित्त, घटनाएं एवं स्थल
- परीक्षा उपयोगी तथ्य एवं बस्तुनिष्ठ प्रश्न

परीक्षा केंद्रित महत्वपूर्ण प्रश्न | सटीक, सरल एवं व्यवस्थित उत्तर | नवीनतम तथ्यों पर आधारित | सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का सम्पूर्ण साथी

RAS | RPSC | SI | REET | CET | पटवार | कांस्टेबल | अन्य सभी परीक्षाओं के लिए उपयोगी

**1. राजस्थान को 'फ्यूचर रेडी इंडस्ट्रियल डेस्टिनेशन' बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 'औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति' का अनावरण कब किया गया था?**

(A) 1 जनवरी 2026 (B) 18 मार्च 2026
(C) 15 अप्रैल 2026 (D) 29 मई 2026 **(B)**

**2. वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II में चयनित प्रत्येक रणनीतिक गांव में प्रतिवर्ष कितनी राशि के विकास कार्य कराने का प्रावधान किया गया है?**

(A) 1 करोड़ रुपये (B) 2 करोड़ रुपये
(C) 3 करोड़ रुपये (D) 5 करोड़ रुपये **(C)**

**3. हाल ही में 'राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन' का नवम (9वां) महाअधिवेशन कहां आयोजित किया गया?**

(A) जोधपुर (B) बीकानेर
(C) जयपुर (D) अजमेर **(C)**

**4. शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सुनियोजित विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा हाल ही में कौन सी नई नीति लागू की गई है?**

(A) राजस्थान स्मार्ट सिटी नीति 2024 (B) नई टाउनशिप नीति 2024
(C) अमृत विकास नीति 2024 (D) शहरी स्वच्छता नीति 2024 **(B)**

**5. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत श्रीगंगानगर जिले की उपज कौन सी है?**

(A) प्याज (B) किन्नू
(C) सरसों (D) गेहूं **(B)**

**6. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 3 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राजस्थान के किस शहर ने देश में 13वां स्थान हासिल किया है?**

(A) उदयपुर (B) कोटा
(C) अजमेर (D) बीकानेर **(A)**

**7. मन की बात के 134वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने अपनी नीदरलैंड यात्रा के दौरान किस प्राचीन भारतीय राजवंश की ऐतिहासिक 'ताम्र पट्टिकाओं' की भारत वापसी का उल्लेख किया?**

(A) मौर्य काल की (B) चोल काल की
(C) गुप्त काल की (D) राजपूत काल की **(B)**

**8. राजस्थान सरकार द्वारा विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू समाज के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए राज्य बजट में किस योजना की घोषणा की गई है?**

(A) विद्या रथ योजना (B) शिक्षा द्वार योजना
(C) स्कूल ऑन व्हील्स (D) घुमंतू बाल शिक्षा योजना **(C)**

**9. राजस्थान में जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत के लिए 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' की शुरुआत किस दिन से की गई?**

(A) मकर संक्रांति (B) जल झूलनी एकादशी
(C) गंगा दशहरा (D) विश्व पर्यावरण दिवस **(C)**

**10. पंच गौरव योजना में 'एक जिला-एक उपज' के तहत अलवर जिले की उपज कौन सी है?**

(A) सौंफ (B) आंवला
(C) प्याज (D) गुलाब **(C)**

**11. वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत वर्ष 2026 में राजस्थान के 6,000 वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग से किस प्रसिद्ध तीर्थ स्थल की यात्रा करवाई जा रही है?**

(A) कैलाश मानसरोवर (तिब्बत) (B) वैष्णो देवी (जम्मू-कश्मीर)
(C) करतारपुर साहिब (पाकिस्तान) (D) पशुपतिनाथ (नेपाल) **(D)**

**12. राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों की आय में वृद्धि के लिए प्रति लीटर कितने रुपये का अनुदान दिया जा रहा है?**

(A) 2 रुपये (B) 3 रुपये
(C) 4 रुपये (D) 5 रुपये **(D)**

**13. वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत प्रदेशभर में 'नो प्लास्टिक डे' किस दिन मनाया गया?**

(A) 25 मई (B) 31 मई
(C) 1 जून (D) 2 जून **(B)**

**14. 'युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना' के तहत 6 प्रतिशत ब्याज पुनर्भरण के लिए ऋण की सीमा को बढ़ाकर कितना कर दिया गया है?**

(A) 50 लाख रुपये (B) 1 करोड़ रुपये
(C) 2 करोड़ रुपये (D) 5 करोड़ रुपये **(C)**

**15. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत दौसा जिले की उपज कौन सी है?**

(A) मोठ (B) सौंफ
(C) तिल (D) ग्वारपाठा **(B)**

**16. हाल ही में किस मंत्रालय द्वारा जारी 'पैमाना' रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में 2.72 लाख करोड़ रुपये की 81 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं प्रगति पर हैं?**

(A) वित्त मंत्रालय (B) सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
(C) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (D) नीति आयोग **(B)**

**17. हाड़ौती क्षेत्र के पहले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे (बूंदी-कोटा) के निर्माण का लक्ष्य किस वर्ष तक निर्धारित किया गया है?**

(A) दिसंबर 2026 (B) नवंबर 2027

Sunil Saini Kotputli

(C) मार्च 2028 (D) अगस्त 2029 **(B)**

**18. नारी निकेतन (राज्य महिला सदन) का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(A) केवल ग्रामीण बालिकाओं को निशुल्क उच्च शिक्षा देना
(B) वृद्ध महिलाओं को पेंशन उपलब्ध कराना
(C) सामाजिक रूप से उत्पीड़ित, निराश्रित महिलाओं को सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान करना
(D) स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराना **(C)**

**19. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत पंजीकृत नागरिकों को प्रदान की जाने वाली 'आभा' हेल्थ आईडी कितने अंकों की एक विशिष्ट संख्या होती है?**
(A) 12 अंक (B) 14 अंक
(C) 16 अंक (D) 10 अंक **(B)**

**20. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत जयपुर जिले की उपज कौन सी है?**
(A) आंवला (B) किन्नू
(C) संतरा (D) शहद **(A)**

**21. 'विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' मुख्य रूप से भारत सरकार के किन मंत्रालयों की एक संयुक्त पहल है?**
(A) रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय
(B) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय
(C) विदेश मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय
(D) पर्यटन मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय **(B)**

**22. राजस्थान 7 करोड़ 19 लाख से अधिक 'आभा' स्वास्थ्य खाते बनाकर पूरे देश में कौनसे स्थान पर रहा है?**
(A) पहले (B) दूसरे
(C) तीसरे (D) पांचवें **(B)**

**23. वाहनों की पहचान सुनिश्चित करने और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए किस प्रकार की नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य किया गया है?**
(A) डिजिटल एलईडी प्लेट (B) हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट
(C) रेडियम रिफ्लेक्टर प्लेट (D) बारकोड स्मार्ट प्लेट **(B)**

**24. पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी वालों को अपना व्यवसाय शुरू या विस्तार करने के लिए बिना किसी गारंटी के अधिकतम कितनी राशि का ऋण प्रदान किया जाता है?**
(A) 30,000 रुपये (B) 60,000 रुपये
(C) 50,000 रुपये (D) 2,00,000 रुपये **(C)**

**25. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत झुंझुनूं जिले की उपज कौन सी है?**
(A) प्याज (B) अमरूद
(C) मूंग (D) सरसों **(D)**

**26. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'आभा' का पूर्ण रूप क्या है?**
(A) आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट
(B) आयुष्मान भारत हेल्थ एसोसिएशन
(C) आयुष्मान भारत आरोग्य खाता
(D) एडवांस्ड भारत हेल्थ असिस्टेंस **(A)**

**27. पीएम स्वनिधि योजना की अवधि, इसके सकारात्मक प्रभाव और सफलता को देखते हुए कब तक के लिए बढ़ा दी गई है?**
(A) मार्च 2027 (B) दिसंबर 2028
(C) मार्च 2030 (D) दिसंबर 2032 **(C)**

**28. राजस्थान के कितने प्रशासनिक विभागों को 'राज-काज' के एकीकृत डिजिटल मंच से जोड़ा जा चुका है?**
(A) 33 (B) 50
(C) 71 (D) 100 **(C)**

**29. राजस्थान का वह कौन सा जिला है, जिसमें कृषि उपभोक्ताओं की संख्या सर्वाधिक (1.01 लाख) है, जिसे हाल ही में दिन में दो ब्लॉक विद्युत आपूर्ति से जोड़ा गया है?**
(A) टोंक (B) जयपुर
(C) चित्तौड़गढ़ (D) दौसा **(C)**

**30. पंच गौरव योजना में 'एक जिला-एक उपज' के तहत खैरथल-तिजारा जिले की उपज कौन सी है?**
(A) गेहूं (B) प्याज
(C) मोठ (D) आंवला **(B)**

**31. डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए, पीएम स्वनिधि के तहत स्ट्रीट वेंडरों को खुदरा डिजिटल ट्रांजेक्शन पर अधिकतम कितना 'कैशबैक प्रोत्साहन' दिया जाता है?**
(A) 500 रुपये (B) 1,200 रुपये
(C) 1,600 रुपये (D) 2,500 रुपये **(C)**

**32. चित्तौड़गढ़ और टोंक जिलों को शामिल करने के बाद, अब राजस्थान के कुल कितने जिलों में किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन के दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति सुलभ हो रही है?**
(A) 15 जिलों में (B) 20 जिलों में
(C) 33 जिलों में (D) 26 जिलों में **(D)**

**33. देशभर में चलाए जा रहे 'खेत बचाओ अभियान' का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
(A) किसानों के कर्ज पूरी तरह माफ करना
(B) रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर वैज्ञानिक तरीके से जैविक खेती की ओर लौटना
(C) कृषि भूमि का शहरीकरण होने से रोकना

Sunil Saini Kotputli

(D) किसानों को मुफ्त कृषि उपकरण बांटना **(B)**

**34. मादक पदार्थों (ड्रग्स) के तस्करों पर किस विशेष कानून के तहत सख्त कार्रवाई और अवैध संपत्ति जब्त की जाती है?**

(A) मकोका (B) यूएपीए

(C) पीआईटीएनडीपीएस (D) रासुका **(C)**

**35. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत कोटपूतली-बहरोड़ जिले की उपज कौन सी है?**

(A) प्याज (B) गाजर

(C) ईसबगोल (D) खजूर **(B)**

**36. देशभर में 'खेत बचाओ अभियान' का आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है?**

(A) 1 मई से 31 मई (B) 1 जून से 30 जून

(C) 15 जुलाई से 15 अगस्त (D) 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर **(B)**

**37. प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत स्वच्छ, हरित एवं टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान में कुल कितनी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना है?**

(A) 500 (B) 1,000

(C) 1,500 (D) 1,150 **(D)**

**38. राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले के समग्र विकास और स्थानीय विशेषताओं को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई 'पंच गौरव' पहल में कौन-से पांच घटक शामिल हैं?**

(A) एक स्कूल, एक अस्पताल, एक सड़क, एक उद्योग और एक पार्क

(B) एक खेल, एक वनस्पति, एक उपज, एक पर्यटन स्थल और एक उत्पाद

(C) एक मंदिर, एक धरोहर, एक नदी, एक वन और एक खनिज

(D) एक कृषि मंडी, एक पशु मेला, एक हस्तशिल्प, एक परिधान और एक व्यंजन **(B)**

**39. सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कौन-सा पर्व मनाया जा रहा है, जिसके तहत 1,000 दिनों के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया जा रहा है?**

(A) सोमनाथ गौरव पर्व (B) सोमनाथ सांस्कृतिक महापर्व

(C) सोमनाथ अमृत पर्व (D) सोमनाथ स्वाभिमान पर्व **(D)**

**40. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत सीकर जिले की उपज कौन सी है?**

(A) अनार (B) गाजर

(C) प्याज (D) जीरा **(C)**

**41. केंद्र की 6 हजार रुपये की 'किसान सम्मान निधि' के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा कितनी राशि दी जा रही है?**

(A) 2 हजार रुपये (B) 3 हजार रुपये

(C) 4 हजार रुपये (D) 5 हजार रुपये **(B)**

**42. बुजुर्गों के गरिमापूर्ण जीवन और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के अस्पतालों में वृद्धजन मरीजों की समुचित देखभाल हेतु कौन-से विशेष वार्ड स्थापित किए गए हैं?**

(A) संबल वार्ड (B) वात्सल्य वार्ड

(C) रामाश्रय वार्ड (D) आश्रय वार्ड **(C)**

**43. प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि में जल संरक्षण कार्यों से जोड़ने के लिए राज्य सरकार द्वारा कौन-सा अभिनव अभियान शुरू किया गया है?**

(A) वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान (B) कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान

(C) मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान (D) कैच द रेन राजस्थान **(B)**

**44. विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान हेतु किन दो स्थानों पर 'अर्ली वार्निंग सिस्टम' का शुभारंभ किया गया?**

(A) जोधपुर एवं कोटा (B) जयपुर एवं भरतपुर

(C) अलवर एवं भिवाड़ी (D) उदयपुर एवं पाली **(C)**

**45. पंच गौरव योजना में 'एक जिला-एक उपज' के तहत बाड़मेर जिले की उपज कौन सी है?**

(A) खजूर (B) ईसबगोल

(C) मेहन्दी (D) सौंफ **(B)**

**46. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर में मुख्यमंत्री द्वारा किस विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया?**

(A) 'प्रकृति से प्रेरित' प्रदर्शनी (B) 'हरियालो राजस्थान' प्रदर्शनी

(C) 'स्वच्छ एवं हरित प्रदेश' प्रदर्शनी (D) 'जल ही जीवन' प्रदर्शनी **(A)**

**47. ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित 'लखपति दीदी योजना' में राज्य सरकार द्वारा ऋण सीमा को बढ़ाकर कितना कर दिया गया है?**

(A) 1.00 लाख रुपये (B) 1.25 लाख रुपये

(C) 1.50 लाख रुपये (D) 2.00 लाख रुपये **(C)**

**48. 2,500 करोड़ रुपये की लागत वाली 'अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना' का संबंध राजस्थान के किस अंचल या जिले से है?**

(A) मेवाड़ अंचल (उदयपुर) (B) हाड़ौती अंचल (कोटा)

(C) मारवाड़ अंचल (जोधपुर) (D) वागड़ अंचल (बांसवाड़ा) **(D)**

**49. 'स्कूल-शाला संवाद' डिजिटल नवाचार राजस्थान सरकार के किस पोर्टल का एक विशेष सेक्शन है?**

(A) राजिका पोर्टल (B) शाला दर्पण पोर्टल

(C) जन सूचना पोर्टल (D) ई-शाला पोर्टल **(B)**

Sunil Saini Kotputli

**50. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत जैसलमेर जिले की उपज कौन सी है?**

(A) ईसबगोल (B) खजूर

(C) मेहन्दी (D) अनार **(B)**

**51. राज्य सरकार द्वारा चयनित 16 जिलों में 'मॉडल उद्यान' किस नाम से विकसित किए जा रहे हैं?**

(A) नमो उपवन (B) स्मृति वन

(C) ऑक्सीजोन (D) संजीवनी वाटिका **(C)**

**52. 'अपर हाई लेवल कैनाल परियोजना' में जल वितरण को समान रूप से सुनिश्चित करने, दबाव एवं प्रवाह को स्वचालित रूप से नियंत्रित करने तथा रियल टाइम डेटा मॉनिटरिंग के लिए किस अत्याधुनिक प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है?**

(A) रडार प्रणाली (B) सोनार प्रणाली

(C) जीआईएस ट्रैकिंग प्रणाली (D) स्काडा प्रणाली **(D)**

**53. राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 'शाला संवाद' के तहत किस कक्षा से किस कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री और ई-कॉन्टेंट उपलब्ध कराया जा रहा है?**

(A) कक्षा 6 से 12 तक (B) कक्षा 9 से 12 तक

(C) कक्षा 1 से 8 तक (D) कक्षा 1 से 12 तक **(D)**

**54. पीएम-कुसुम योजना के कम्पोनेंट-सी के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने में राजस्थान का देश में कौन-सा स्थान है?**

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) चतुर्थ **(C)**

**55. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत जालोर जिले की उपज कौन सी है?**

(A) जीरा (B) अनार

(C) प्याज (D) गाजर **(B)**

**56. राज्य बजट वर्ष 2026-27 में राजस्थान को 'हरित प्रदेश' के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कुल कितने पौधे लगाने और उनके संरक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?**

(A) 5 करोड़ पौधे (B) 10 करोड़ पौधे

(C) 15 करोड़ पौधे (D) 25 करोड़ पौधे **(B)**

**57. हाल ही में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने किस राष्ट्रीय संस्था के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं?**

(A) इसरो (B) नीरी

(C) सीएसआईआर (D) आईआईटी जोधपुर **(C)**

**58. भारत सरकार द्वारा हाल ही में (जून 2026) 'पीएम सूर्यघर योजना' में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राजस्थान को कुल कितने पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है?**

(A) 4 (B) 5

(C) 6 (D) 8 **(C)**

**59. 'मां वाउचर योजना' का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(A) नवजात बालिकाओं को पोषण किट उपलब्ध करवाना

(B) गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी की सुविधा प्रदान करना

(C) धात्री माताओं को आर्थिक संबल देना

(D) ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार हेतु ब्याज-मुक्त ऋण देना **(B)**

**60. पंच गौरव योजना में 'एक जिला-एक उपज' के तहत बालोतरा जिले की उपज कौन सी है?**

(A) अनार (B) जीरा

(C) गाजर (D) प्याज **(A)**

**61. गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व जांच उपलब्ध कराने के लिए 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' के विशेष सत्र प्रतिमाह किन तारीख को आयोजित किए जाते हैं?**

(A) 9, 18 और 27 (B) 5, 15 और 25

(C) 1, 10 और 20 (D) 11, 21 और 31 **(A)**

**62. राजस्थान के किस जिले से पोषण अभियान का शुभारंभ किया गया था?**

(A) सीकर (B) जयपुर

(C) झुंझुनूं (D) अलवर **(C)**

**63. हाल ही में (जून 2026) राजस्थान और हरियाणा के मध्य 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' कॉरिडोर के प्रथम चरण को लेकर सहमति बनी है। प्रथम चरण में इसे दिल्ली से राजस्थान के किस स्थान तक बनाया जा रहा है?**

(A) भिवाड़ी (B) कोटपूतली

(C) अलवर शहर (D) बहरोड़ **(D)**

**64. विकसित राजस्थान-2047 विजन के अनुसार, राज्य सरकार ने किस वर्ष तक राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है?**

(A) वर्ष 2027 (B) वर्ष 2029

(C) वर्ष 2030 (D) वर्ष 2035 **(B)**

**65. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत जोधपुर जिले की उपज कौन सी है?**

(A) सौंफ (B) मेहन्दी

(C) जीरा (D) खजूर **(C)**

Sunil Saini Kotputli

**66. राजस्थान के किस जिले से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान का राष्ट्रीय विस्तार किया गया था?**

(A) सीकर (B) जयपुर

(C) झुंझुनूं (D) अलवर **(C)**

**67. प्रस्तावित दिल्ली-बहरोड़ आरआरटीएस कॉरिडोर के तहत राजस्थान सीमा में कुल कितने स्टेशन स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं?**

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5 **(B)**

**68. पीएम-कुसुम योजना (कम्पोनेंट-ए) के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने में राजस्थान का देश में कौन-सा स्थान है?**

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) चतुर्थ **(A)**

**69. केंद्र सरकार के 'प्रगति' प्लेटफॉर्म की तर्ज पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और उन्हें फास्ट-ट्रैक मोड पर लाने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा कौन-सा नया प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है?**

(A) राज संपर्क (B) राज विकास

(C) राज उन्नति (D) राज दृष्टि **(C)**

**70. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत पाली जिले की उपज कौन सी है?**

(A) मेहन्दी (B) ईसबगोल

(C) अनार (D) जीरा **(A)**

**71. 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के क्रियान्वयन में राजस्थान का देश में कौन-सा स्थान है?**

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) चतुर्थ **(A)**

**72. प्रस्तावित दिल्ली-बहरोड़ आरआरटीएस कॉरिडोर के तहत राजस्थान सीमा में कहां-कहां पर स्टेशन स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं?**

(A) भिवाड़ी, नीमराना

(B) शाहजहांपुर, नीमराना, बहरोड़

(C) शाहजहांपुर, नीमराना, बहरोड़, कोटपूतली

(D) भिवाड़ी, टपूकड़ा, शाहजहांपुर, नीमराना, बहरोड़ **(B)**

**73. नीति आयोग की वर्ष 2025-26 की तृतीय तिमाही रैंकिंग में राजस्थान के किस ब्लॉक ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है?**

(A) नीमराना (B) रामगढ़ पचवारा

(C) फतेहगढ़ (D) सिवाना **(A)**

**74. 'वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर' का लगभग कितना प्रतिशत हिस्सा राजस्थान राज्य से होकर गुजरता है?**

(A) 25 % (B) 39 %

(C) 46 % (D) 58 % **(B)**

**75. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत फलौदी जिले की उपज कौन सी है?**

(A) खजूर (B) जीरा

(C) सौंफ (D) प्याज **(B)**

**76. 'शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना' के तहत मुख्य रूप से किन जिलों की हवेलियों को पर्यटन इकाई के रूप में विकसित किया जा रहा है?**

(A) जयपुर, दौसा और अलवर (B) बीकानेर, चूरू और हनुमानगढ़

(C) झुंझुनूं, चूरू और सीकर (D) जोधपुर, नागौर और पाली **(C)**

**77. 'प्रधानमंत्री पोषण योजना' के क्रियान्वयन में राजस्थान लगातार दो वर्षों से देश में किस स्थान पर बना हुआ है?**

(A) प्रथम (B) द्वितीय

(C) तृतीय (D) पांचवें **(A)**

**78. देश में रेल आधारित लॉजिस्टिक्स को सुदृढ़ करने वाले 'वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर' का विस्तार किन दो प्रमुख स्थानों के मध्य है?**

(A) लुधियाना से डंकुनी (B) जेएनपीटी से दादरी

(C) सराय काले खां से बहरोड़ (D) कांडला पोर्ट से रेवाड़ी **(B)**

**79. राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' का आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है?**

(A) 1 जून से 30 जून 2026 तक

(B) 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक

(C) 15 जून से 15 अगस्त 2026 तक

(D) 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक **(B)**

**80. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत सिरोही जिले की उपज कौन सी है?**

(A) मेहन्दी (B) जीरा

(C) सौंफ (D) गाजर **(C)**

**81. डब्लूडीएफसी की उस विशेष सेवा को क्या नाम दिया गया है, जिसके तहत माल से लदे ट्रकों को सीधे मालगाड़ी के फ्लैट वैगनों पर ले जाया जाता है?**

(A) रोल-ऑन एंड रोल-ऑफ (B) रेल-पर-ट्रक सेवा

(C) फास्ट-ट्रैक कार्गो (D) मल्टी-मॉडल फ्रेट **(B)**

**82. सेई बांध राजस्थान के किस जिले में स्थित है?**

Sunil Saini Kotputli

(A) सिरोही (B) पाली
(C) उदयपुर (D) राजसमंद **(C)**

**83. राज्य सरकार की पहल पर जयपुर स्थित 'राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज' अस्पताल को किस नए उच्चस्तरीय संस्थान के रूप में चरणबद्ध तरीके से उन्नत करने की प्रक्रिया शुरू की गई है?**
(A) राजस्थान कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट
(B) राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज
(C) जयपुर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(D) मरुधरा आयुर्विज्ञान संस्थान **(B)**

**84. 'मनरेगा' के स्थान पर केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' अधिनियम को पूरे देश में कब से लागू किया जाएगा?**
(A) 25 जून 2026 (B) 1 जुलाई 2026
(C) 15 अगस्त 2026 (D) 2 अक्टूबर 2026 **(B)**

**85. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत बारां जिले की उपज कौन सी है?**
(A) चावल (B) लहसुन
(C) धनिया (D) संतरा **(B)**

**86. पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी अब राजस्थान के किस जिले में आती है?**
(A) बाड़मेर (B) जालौर
(C) बालोतरा (D) जैसलमेर **(C)**

**87. 'वीबी-जीरामजी' के तहत ग्रामीण पात्र परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में अब न्यूनतम कितने दिनों की रोजगार गारंटी का वैधानिक अधिकार दिया गया है?**
(A) 100 दिन (B) 110 दिन
(C) 125 दिन (D) 150 दिन **(C)**

**88. 'सेई बांध जल सुरंग' का मुख्य उद्देश्य किस बांध में पानी की आवक को बढ़ाना है?**
(A) बीसलपुर बांध (B) जवाई बांध
(C) राणा प्रताप सागर बांध (D) माही बजाज सागर बांध **(B)**

**89. जून 2026 के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में 'ई-श्रम पोर्टल' पर किस क्षेत्र के श्रमिकों का सर्वाधिक पंजीकरण हुआ है?**
(A) निर्माण क्षेत्र (B) वस्त्र एवं परिधान उद्योग
(C) कृषि क्षेत्र (D) गिग वर्कर्स **(C)**

**90. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत बून्दी जिले की उपज कौन सी है?**
(A) मक्का (B) लहसुन
(C) चावल (D) आम **(C)**

**91. 'वीबी-जीरामजी' के तहत श्रमिकों को उनके कार्य का भुगतान अब कितने समय के भीतर 'साप्ताहिक' आधार पर डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा?**
(A) 7 दिन (B) 15 दिन
(C) 30 दिन (D) 45 दिन **(A)**

**92. ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए असंगठित क्षेत्र के श्रमिक की निर्धारित आयु सीमा क्या है?**
(A) 18 से 60 वर्ष (B) 15 से 55 वर्ष
(C) 21 से 65 वर्ष (D) 16 से 59 वर्ष **(D)**

**93. हाल ही में (जून 2026) 'इंडिया स्टोनमार्ट 2028' के भव्य आयोजन के लिए किन तीन प्रमुख संस्थाओं के मध्य एक त्रि-पक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं?**
(A) रीको, सिडोस और लघु उद्योग भारती
(B) रीको, फिक्की और राजस्थान पर्यटन बोर्ड
(C) राजसीको, बीआईआईपी और सीआईआई
(D) सिडोस, रूडा और लघु उद्योग भारती **(A)**

**94. राजस्थान के इतिहास में वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप' की जयंती हिंदू पंचांग (विक्रम संवत) के अनुसार प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाई जाती है?**
(A) वैशाख शुक्ल तृतीया (B) ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया
(C) श्रावण कृष्ण तृतीया (D) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा **(B)**

**95. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत झालावाड़ जिले की उपज कौन सी है?**
(A) संतरा (B) सीताफल
(C) कलौंजी (D) धनिया **(A)**

**96. ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत कुल श्रमिकों में महिलाओं की भागीदारी लगभग कितने प्रतिशत है?**
(A) 33.33% (B) 45.50%
(C) 53.33% (D) 60.00% **(C)**

**97. राजस्थान में पत्थर उद्योग का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन 'इंडिया स्टोनमार्ट' का आगामी 14वां संस्करण कब आयोजित किया जाना प्रस्तावित है?**
(A) 17-20 फरवरी, 2028 (B) 10-15 नवंबर, 2027
(C) 1-5 मार्च, 2028 (D) 15-20 जनवरी, 2028 **(A)**

**98. हाल ही में (जून 2026) मुख्यमंत्री द्वारा पचपदरा और शेरगढ़ के 'ग्राम नवातला एवं देवीगढ़' में किस बहुमूल्य खनिज के एक्सप्लोरेशन को स्वीकृति प्रदान की गई है?**
(A) लिथियम (B) यूरेनियम

Sunil Saini Kotputli

(C) रेयर अर्थ एलिमेंट्स (D) स्वर्ण **(C)**

**99. ऑनलाइन ठगी, वित्तीय धोखाधड़ी या डिजिटल जबरन वसूली होने पर सहायता प्राप्त करने के लिए 'राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर' क्या है?**

(A) 112 (B) 181

(C) 1930 (D) 1098 **(C)**

**100. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत कोटा जिले की उपज कौन सी है?**

(A) मक्का (B) धनिया

(C) लहसुन (D) चावल **(B)**

**101. असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने के लिए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 'ई-श्रम पोर्टल' की शुरुआत मूल रूप से कब की गई थी?**

(A) 26 अगस्त 2021 (B) 1 मई 2022

(C) 21 अक्टूबर 2024 (D) 15 अगस्त 2023 **(A)**

**102. नवातला एवं देवीगढ़ में 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' खनिज के एक्सप्लोरेशन का लाइसेंस किस संस्थान या कंपनी को स्वीकृत किया गया है?**

(A) सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट

(B) हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड

(C) राष्ट्रीय खनिज विकास निगम

(D) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण **(A)**

**103. राज्य में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर मामलों की त्वरित और प्रभावी सुनवाई के लिए हाल ही में किस विशेष न्यायालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है?**

(A) सीबीआई (B) एनआईए

(C) प्रवर्तन निदेशालय (D) आतंकवाद निरोधक दस्ता **(B)**

**104. अधिकृत कौन सा वेब पोर्टल है, जिस पर साइबर अपराध की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है?**

(A) cyberrajasthan.gov.in (B) cybercrime.gov.in

(C) digitalcomplaint.in (D) home.rajasthan.gov.in **(B)**

**105. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत बांसवाड़ा जिले की उपज कौन सी है?**

(A) सीताफल (B) कलौंजी

(C) आम (D) संतरा **(C)**

**106. ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा विशिष्ट नंबर प्रदान किया जाता है?**

(A) परमानेंट लेबर नंबर (B) यूनिवर्सल अकाउंट नंबर

(C) श्रमिक पहचान संख्या (D) रोजगार सुरक्षा नंबर **(B)**

**107. वर्ष 2025-26 राज्य बजट घोषणा के क्रियान्वयन के क्रम में, आपदा प्रबंधन तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए कितने 'नवीन जिलों' में 'नागरिक सुरक्षा कोर' के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है?**

(A) 5 (B) 6

(C) 8 (D) 10 **(C)**

**108. 'राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना' किस अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा वित्त पोषित है?**

(A) जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (B) विश्व बैंक

(C) एएफडी, फ्रांस (D) एशियाई विकास बैंक **(C)**

**109. अंधेरी मध्यम सिंचाई परियोजना का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?**

(A) बारां (B) बीकानेर

(C) टोंक (D) झालावाड़ **(A)**

**110. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत डूंगरपुर जिले की उपज कौन सी है?**

(A) आम (B) मक्का

(C) धनिया (D) कलौंजी **(A)**

**111. प्रधानमंत्री द्वारा 20 जून, 2026 को 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 23वीं किस्त जारी करने के अवसर पर राजस्थान में 'राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री किसान उत्सव' का आयोजन कहां किया गया?**

(A) सांगानेर (जयपुर) (B) शाहबाद (बारां)

(C) सुमेरपुर (पाली) (D) नरेला (सीकर) **(C)**

**112. किसानों की सुविधा के लिए वर्तमान में राजस्थान के कितने जिलों में 'दिन के समय बिजली' उपलब्ध कराई जा रही है?**

(A) 20 (B) 26

(C) 33 (D) 41 **(B)**

**113. राजस्थान सरकार द्वारा संचालित 'मंगला पशु बीमा योजना' के तहत अब तक कितने पशुओं का पंजीकरण किया जा चुका है?**

(A) 10 लाख से अधिक (B) 15 लाख से अधिक

(C) 20 लाख से अधिक (D) 25 लाख से अधिक **(C)**

**114. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'पीएम ई-बस सेवा योजना' के तहत राजस्थान में पहली बार अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ किन दो शहरों के लिए किया है?**

(A) जयपुर और जोधपुर (B) जयपुर और भीलवाड़ा

(C) कोटा और उदयपुर (D) अजमेर और बीकानेर **(B)**

**115. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत प्रतापगढ़ जिले की उपज कौन सी है?**

Sunil Saini Kotputli

(A) सीताफल (B) कलौंजी
(C) लहसुन (D) मक्का **(B)**

**116. 'पीएम ई-बस सेवा योजना' के तहत केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान के कितने शहरों का चयन किया गया है?**
(A) 5 (B) 7
(C) 8 (D) 10 **(C)**

**117. '12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर राजस्थान का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह कहां आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने योगाभ्यास किया?**
(A) पुष्कर (अजमेर) (B) आबूराज (सिरोही)
(C) नाथद्वारा (राजसमंद) (D) कनक वृंदावन (जयपुर) **(B)**

**118. औपनिवेशिक सोच से मुक्त कर भारतीय मूल्यों से जोड़ने के लिए 'प्रधानमंत्री कार्यालय' को नया नाम क्या दिया गया है?**
(A) लोकभवन (B) कर्तव्य भवन
(C) सेवा तीर्थ (D) भारत भवन **(C)**

**119. राजस्थान सरकार द्वारा स्थानीय अर्थव्यवस्था और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए 'पंच गौरव' पहल के तहत किन पांच क्षेत्रों को शामिल किया गया है?**
(A) शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और पर्यटन
(B) जल, जंगल, जमीन, जानवर और जन
(C) हस्तशिल्प, खनिज, वनोपज, पशुधन और पर्यटन
(D) उपज, उत्पाद, वनस्पति, खेल और पर्यटन **(D)**

**120. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत राजसमन्द जिले की उपज कौन सी है?**
(A) मक्का (B) धनिया
(C) सीताफल (D) चावल **(C)**

Yahan antim prashn (121-160) hain:

**121. राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पर्यटकों को आकर्षित करने और उन्हें आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कितनी 'डबल डेकर ई-बसें' चलाने की घोषणा की गई है?**
(A) 25 (B) 50
(C) 100 (D) 150 **(B)**

**122. '12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की आधिकारिक मुख्य थीम क्या रखी गई थी?**
(A) मानवता के लिए योग
(B) महिला सशक्तिकरण के लिए योग
(C) वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग
(D) स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग **(D)**

**123. हाल ही में (20 जून, 2026) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के प्रसिद्ध हिल स्टेशन 'माउंट आबू' के लिए किस नए नाम का लोकार्पण किया है?**
(A) अर्बुदांचल (B) वशिष्ठ नगर
(C) आबूराज (D) आबू पर्वत **(C)**

**124. राज्य की आर्थिक प्रगति के सही मूल्यांकन और जिला स्तर पर विकास की सटीक निगरानी के लिए राजस्थान सरकार द्वारा कौन-सा नया पोर्टल विकसित किया जा रहा है?**
(A) राजस्थान इकोनॉमिक ग्रोथ पोर्टल
(B) डिस्ट्रिक्ट डोमेस्टिक प्रोडक्ट पोर्टल
(C) स्टेट जीडीपी मॉनिटरिंग पोर्टल
(D) राज-अर्थ पोर्टल **(B)**

**125. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत सलूम्बर जिले की उपज कौन सी है?**
(A) लहसुन (B) मक्का
(C) संतरा (D) कलौंजी **(B)**

**126. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप घोषित कराने की पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में किस वर्ष की थी?**
(A) वर्ष 2014 (B) वर्ष 2015
(C) वर्ष 2016 (D) वर्ष 2019 **(A)**

**127. औपनिवेशिक सोच से मुक्त कर भारतीय मूल्यों से जोड़ने के तहत 'राजभवन' को नया नाम क्या दिया गया है?**
(A) सेवा तीर्थ (B) लोकभवन
(C) कर्तव्य भवन (D) भारत भवन **(B)**

**128. सिरोही के आबूराज में कौनसी झील स्थित है?**
(A) पिछोला झील (B) नक्की झील
(C) आनासागर झील (D) पुष्कर झील **(B)**

**129. हाल ही में (21 जून, 2026) केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में किस स्टेशन से 'जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस' का शुभारंभ किया?**
(A) जयपुर जंक्शन (B) गांधीनगर रेलवे स्टेशन
(C) खातीपुरा रेलवे स्टेशन (D) दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन **(C)**

**130. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत उदयपुर जिले की उपज कौन सी है?**
(A) लहसुन (B) मक्का
(C) सीताफल (D) संतरा **(C)**

**131. औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाकर भारतीय मूल्यों को स्थापित करने के उद्देश्य से 'केंद्रीय सचिवालय' का नया नाम क्या रखा गया है?**

Sunil Saini Kotputli

(A) सेवा तीर्थ (B) लोकभवन
(C) कर्तव्य भवन (D) भारत भवन **(C)**

**132. खाटूश्यामजी के लाखों श्रद्धालुओं के सफर को आसान बनाने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री ने सीकर जिले के किस स्थान पर नया रेलवे स्टेशन विकसित करने की घोषणा की है?**
(A) सुंदरपुरा (B) पलसाना
(C) रींगस (D) श्रीमाधोपुर **(A)**

**133. 'वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर' का कितना हिस्सा राजस्थान से होकर गुजरता है?**
(A) 450 किलोमीटर (B) 567 किलोमीटर
(C) 625 किलोमीटर (D) 710 किलोमीटर **(B)**

**134. देवास-तृतीय एवं देवास-चतुर्थ पेयजल परियोजना का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?**
(A) राजसमंद (B) जोधपुर
(C) उदयपुर (D) चित्तौड़गढ़ **(C)**

**135. पंच गौरव योजना में 'एक जिला - एक उत्पाद' के तहत अजमेर जिले का उत्पाद कौन सा है?**
(A) टेक्सटाइल उत्पाद (B) ग्रेनाइट एवं मार्बल के उत्पाद
(C) कृषि आधारित उत्पाद (D) स्लेट स्टोन के उत्पाद **(B)**

**136. यमुना जल परियोजना के तहत पानी को पारंपरिक 'नहर प्रणाली' के बजाय किस माध्यम से पहुंचाने का प्रस्ताव रखा गया है?**
(A) खुले टैंकों के माध्यम से (B) भूमिगत सुरंगों के माध्यम से
(C) पाइपलाइन के माध्यम से (D) कृत्रिम नदियों के माध्यम से **(C)**

**137. राजस्थान में 'समान नागरिक संहिता' के विधेयक का प्रारूप तैयार करने के लिए किसकी अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है?**
(A) सेवानिवृत्त जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव
(B) सेवानिवृत्त जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई
(C) सेवानिवृत्त जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह
(D) सेवानिवृत्त जस्टिस पिनाकी चंद्र घोष **(B)**

**138. जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था को हाईटेक करने और संकरी गलियों, फुटपाथों से कचरा उठाने के लिए प्रदेश में पहली बार कौन-सी अत्याधुनिक मशीनें लाई गई हैं?**
(A) ऑटोमैटिक रोड स्वीपर (B) रोबोटिक डस्ट कलेक्टर्स
(C) स्मार्ट गारबेज ड्रोन (D) मैकेनिकल लिटर पिकर मशीनें **(D)**

**139. केंद्र सरकार की 'पीएम स्वनिधि योजना' का मुख्य लाभार्थी वर्ग कौन-सा है?**
(A) सीमांत किसान (B) ठेला-रेहड़ी वाले
(C) ग्रामीण कारीगर (D) शहरी बेरोजगार युवा **(B)**

**140. पंच गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत ब्यावर जिले का उत्पाद कौन सा है?**
(A) क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार पाउडर
(B) पान मैथी एवं मसाला प्रसंस्करण
(C) स्टोन आधारित उत्पाद
(D) सेण्ड स्टोन के उत्पाद **(A)**

**141. विश्व की पहली मेट्रो सेवा कब प्रारंभ की गई थी?**
(A) 1850 (B) 1863
(C) 1875 (D) 1880 **(B)**

**142. संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2026 को किस वर्ष के रूप में घोषित किया है?**
(A) अंतरराष्ट्रीय कृषि वर्ष
(B) अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष
(C) अंतरराष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण वर्ष
(D) अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण विकास वर्ष **(B)**

**143. दलहन आत्मनिर्भर मिशन की शुरुआत कब की गई?**
(A) 15 अगस्त 2024 (B) 11 अक्टूबर 2025
(C) 26 जनवरी 2025 (D) 1 अप्रैल 2026 **(B)**

**144. सोनी जी की नसियां जैन धर्म के किस तीर्थंकर को समर्पित हैं?**
(A) अजीतनाथ जी (B) पार्श्वनाथ जी
(C) ऋषभदेव जी (D) मल्लिनाथ जी **(C)**

**145. भारत में मेट्रो रेल का औपचारिक विकास किस वर्ष प्रारंभ हुआ?**
(A) 1975 (B) 1984
(C) 1995 (D) 2002 **(B)**

**146. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?**
(A) 10 अक्टूबर (B) 12 सितंबर
(C) 26 जून (D) 10 दिसंबर **(A)**

**147. राजस्थान एयरोस्पेस एवं रक्षा नीति 2026 कब लागू की गई?**
(A) 15 अप्रैल 2026 (B) 12 मार्च 2026
(C) 10 जनवरी 2026 (D) 20 फरवरी 2026 **(B)**

**148. जनगणना-2027 के आधिकारिक शुभंकरों (Mascots) के नाम क्या हैं?**
(A) लक्ष्य और सफलता (B) प्रगति और विकास
(C) शक्ति और विजय (D) उमंग और उत्साह **(B)**

**149. रिप्स 2024 के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए भूमि उपयोग परिवर्तन की समय-सीमा को 60 दिन से घटाकर कितने दिन कर दिया गया है?**
(A) 45 दिन (B) 15 दिन
(C) 30 दिन (D) 20 दिन **(C)**

Sunil Saini Kotputli

**150. सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध एचपीवी (HPV) टीकाकरण के लिए अनिवार्य पंजीकरण हेतु किस डिजिटल प्लेटफॉर्म का विकास किया गया है?**
(A) को-विन (Co-WIN)
(B) यू-विन (U-Win)
(C) ई-संजीवनी (e-Sanjeevani)
(D) आरोग्य सेतु (Aarogya Setu) **(B)**

**151. प्रवासी भारतीय दिवस कब मनाया जाता है?**
(A) 15 जनवरी (B) 10 दिसंबर
(C) 09 जनवरी (D) 25 जनवरी **(C)**

**152. राजस्थान के कितने गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है?**
(A) 32 हजार से अधिक (B) 40 हजार से अधिक
(C) 42 हजार से अधिक (D) 35 हजार से अधिक **(C)**

**153. फलकू बाई का संबंध किस नृत्य से है?**
(A) चरी नृत्य (B) गवरी नृत्य
(C) पनिहारी नृत्य (D) चकरी नृत्य **(A)**

**154. राजस्थानी चित्रकला की शैली में निम्नलिखित में से कौन-सी उपशैली मारवाड़ शैली के अंतर्गत आती है?**
(A) बूंदी शैली (B) किशनगढ़ शैली
(C) अलवर शैली (D) उदयपुर शैली **(B)**

**155. भारत में 'मेट्रो मैन' किसे कहा जाता है?**
(A) ई. श्रीधरन (B) बी.सी. रॉय
(C) वर्गीज कुरियन (D) सैम पित्रोदा **(A)**

**156. श्रीयादे पैनोरमा कहां बनाया जाना प्रस्तावित हैं?**
(A) जोधपुर (B) जयपुर
(C) पाली (D) अजमेर **(A)**

**157. GOBARdhan योजना का पूरा नाम क्या है?**
(A) ग्रीन ऑर्गेनिक बायो एग्रो रिसोर्स
(B) गैल्वानाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्स धन
(C) गवर्नमेंट ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर रिसोर्स
(D) ग्लोबल ऑर्गेनिक बायो एग्रो डेवलपमेंट **(B)**

**158. देशभर में कितने माध्यमिक विद्यालयों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की घोषणा की गई है?**
(A) 10 हजार (B) 12 हजार
(C) 15 हजार (D) 20 हजार **(C)**

**159. CBG का पूरा नाम क्या है?**
(A) कंबाइंड बायो गैस (B) कंप्रेस्ड बायो गैस
(C) क्लीन बायो गैस (D) कंट्रोल्ड बायो गैस **(B)**

**160. Raj-MAMTA कार्यक्रम किससे संबंधित है?**
(A) बाल विकास (B) कौशल विकास
(C) महिला सशक्तीकरण (D) मानसिक स्वास्थ्य **(D)**

**161. किस बांध परियोजना से राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित कुल 6 राज्यों को पानी मिलेगा?**
(A) किशाऊ बांध परियोजना (B) भाखड़ा नांगल बांध परियोजना
(C) सरदार सरोवर बांध परियोजना (D) टिहरी बांध परियोजना **(A)**

**162. मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, राजस्थान में समान नागरिक संहिता लागू करते समय किस समुदाय के रीति-रिवाजों को सुरक्षित रखा जाएगा और उन्हें संवैधानिक सुरक्षा मिलेगी?**
(A) पारसी (B) जैन
(C) आदिवासी (D) अल्पसंख्यक **(C)**

**163. हील इन राजस्थान नीति-2025 के तहत चिकित्सा के साथ-साथ समग्र स्वास्थ्य लाभ देने के लिए आधुनिक विज्ञान के साथ किन पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को जोड़ा जा रहा है?**
(A) केवल आयुर्वेद और योग
(B) केवल आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी
(C) आयुर्वेद, योग, यूनानी और सिद्ध प्रणालियां
(D) केवल प्राकृतिक चिकित्सा **(C)**

**164. हाल ही में (25 जून, 2026 को) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकतंत्र सेनानियों को दी जाने वाली मासिक पेंशन को 20 हजार रुपये से बढ़ाकर कितनी राशि प्रति माह करने की घोषणा की है?**
(A) 22 हजार रुपये (B) 25 हजार रुपये
(C) 28 हजार रुपये (D) 30 हजार रुपये **(B)**

**165. पंच गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत डीडवाना-कुचामन जिले का उत्पाद कौन सा है?**
(A) मार्बल एवं ग्रेनाइट के उत्पाद (B) पान मेथी एवं मसाला प्रसंस्करण
(C) क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार पाउडर (D) स्टोन आधारित उत्पाद **(A)**

**166. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोकतंत्र सेनानियों की मासिक चिकित्सा सहायता को 4 हजार रुपये से बढ़ाकर कितना करने की घोषणा की है?**
(A) 5,000 रुपये (B) 4,500 रुपये
(C) 5,500 रुपये (D) 6,000 रुपये **(A)**

**167. पीएम-जनमन योजना का पूरा नाम क्या है?**
(A) प्रधानमंत्री जन-कल्याण और न्याय अभियान
(B) प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान
(C) प्रधानमंत्री जनजातीय आवास निर्माण महाअभियान
(D) प्रधानमंत्री जन-धन और मनरेगा योजना **(B)**

**168. हाल ही में (25 जून, 2026) 'फर्टिलाइजर सेल्स एप्लीकेशन सिस्टम' को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजस्थान के किन दो जिलों में लागू किया गया है?**

(A) जयपुर और जोधपुर (B) कोटा और बारा

(C) राजसमंद और सिरोही (D) श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ **(C)**

**169. राजस्थान 33 लाख से अधिक एमएसएमई उद्योगों के साथ देश में किस स्थान पर है?**


(A) पहले (B) दूसरे

(C) तीसरे (D) चौथे **(D)**

**170. पंच गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत नागौर जिले का उत्पाद कौन सा है?**


(A) टेक्सटाइल उत्पाद (B) पान मेथी एवं मसाला प्रसंस्करण

(C) ग्रेनाइट एवं मार्बल के उत्पाद (D) भेड़ ऊन के उत्पाद **(B)**





सत्यमेव जयते
राजस्थान सुजस प्रश्नोत्तरी
राजस्थान सामान्य ज्ञान पर आधारित
170 वस्तुनिष्ठ प्रश्न एवं उत्तर
राजस्थान का राजस्थान का इतिहास, भूगोल, कला व संस्कृति
राजस्थान की राजस्थान की योजनाएं, नीतियां एवं उपलब्धियां
महत्वपूर्ण व्यक्तित्व, घटनाएं व्यक्तित्व, घटनाएं एवं स्थल
परीक्षा उपयोगी तथ्य एवं तथ्य एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Search in Google
sunilsainikotputli.in
Visit Our Website
Join Our Telegram Channels
Rajasthan University Updates
UPSC, RAS, SSC & Other Exams Notes
Latest Education News & Updates
REET Exam™ Study Material & PYQs
Rajasthan Exam PYQ™ All Exam PYQs
Daily Important GK & CA Questions
sunilsainikotputli.in
10:37
sunilsainikotputli.in
SUNIL SAINI KOTPUTLI
Join Our Telegram Network
Ru_Rajasthan University
Daily University updates, Standard PDF Notes & Other...
Join
Sunil Saini Notes
UPSC , RAS , SSC & Other Exams Notes and Books PDF.
Join
Study With Sunil Saini
Latest Education News & Notification Updates , Notes...
Join
Reet Exam™
Special Rjasthan REET Study Material + Notes and PYQs.
Join
Rajasthan Exam PYQ™
Special Rajasthan All Exam PYQs &
Sunil Saini GK & CA™
Daily Important Gk Questions and
Trusted by Thousands of Students
Quality Content is Our Promise
सही जानकारी, सही समय पर | आपकी सफलता, हमारा लक्ष्य